हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


13 कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार, सीईओ के...



14 निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का विधायक साहू ने किया...




## खबर संक्षेप



### ग्राम बांसा में पदोन्नति एचएम को विदाई दी

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बांसा में पदोन्नति प्रधान पाठक भूपेंद्र कुमार बंजारे एवं राजेश कुमार ठाकुर का विदाई एवं सम्मान समारोह शनिवार को रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दोनों पदोन्नति प्रधान पाठक उपस्थित रहे। अपने स्कूल में बिताए पिछले सत्रह वर्षों के अनुभव को याद करके अपने आंसू को नहीं रोक पाए। इस अवसर पर राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि जिस स्कूल और गांव ने हमें शिक्षक की पहचान दी उसे कभी नहीं बुलाया जा सकता। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बांसा सरपंच डिकेश्वरी वर्मा, पूर्व सरपंच संगीता गायकवाड़, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रतिमा वर्मा, पूर्व अध्यक्ष चंद्रा डेहरे आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षकों एवं ग्रामीण जनों के द्वारा अपने विचार व्यक्त कर भेंट प्रदान किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक मनीदास मानिकपुरी के द्वारा किया गया।

### शहीद मुकेश वर्मा की याद में किया पौधारोपण



**बेरला।** दंतेवाड़ा नक्सली हमला वर्ष 2007 में शहीद मुकेश वर्मा की जयंती के अवसर पर 12 जुलाई को कुर्मी भवन एवं स्कूल प्रांगण ग्राम कोहड़िया में वृक्षारोपण कर गांव के लिए ख़ुशहाल व सुख समृद्धि की कामना की गई। जिसमें विशिष्ट रूप से शहिद मुकेश वर्मा के पिता पुनाराम वर्मा, पूरण साहू, ग्राम पंचायत कोहड़िया उपसरपंच तुलसीराम नायक, विजय वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला ग्राम कोहड़िया प्रधान पाठक भूषण लाल सेन, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक सुरेश चंद्राकर, समस्त शिक्षक गण, चंद्रशेखर नायक, तुलेंद्र साहू, किशन ठाकुर, अजय वर्मा सहित समस्त ग्रामवासियों के द्वारा इस दौरान मौजूद रहकर वृक्षारोपण में सहयोग प्रदान किया गया।

### जिले में अब तक 176.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 12 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 176.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 247.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 83 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 135.6 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 205.7 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 180.3 मि.मी., देवकर तहसील में 179 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 240.6 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 138.5 मि.मी. एवं साजा तहसील में 177 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### भागवत कथा के लिए कल निकाली जाएगी शोभायात्रा


**थानखम्हरिया।** नगर में श्रावण मास के अवसर पर नगर में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति व नगर वासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ, स्थान राधा कृष्ण जमात मंदिर समय दोपहर 2:00 से 6:00 बजे आयोजित है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे द्वारा भागवत पुराण की कथा सुनाई जायेगी। इस दौरान नगरवासी एवं क्षेत्रवासी धार्मिक लाभ उठाएंगे। और भक्तिमय वातावरण में शामिल होंगे। 14 जुलाई सुबह 10:00 बजे शोभायात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण पश्चात कपिल शेष पेज 12 पर

# 10वीं-12वीं में कमजोर प्रदर्शन करने वाले 32 स्कूलों के प्राचार्यों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024-25 के परीक्षा परिणाम 50% से कम आने वाले सभी संबंधित स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कड़े तेवर अपनाया है। ऐसे सभी प्राचार्यों को स्पष्टीकरण जारी कर तीन दिवस के भीतर, 15 जुलाई तक स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण का जवाब देने कहा है। स्पष्टीकरण नहीं देने वाले या स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित प्राचार्य को दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## 15 तक स्वयं उपस्थित होकर देना होगा नोटिस का जवाब



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा

### 50 से कम प्रतिशत रिजल्ट पर कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 1 मार्च 2025 से 28 मार्च तक आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम 7 मई जारी किया गया था। जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के परिणाम में सुधार हेतु निरंतर प्रयास करने व समय-समय पर समीक्षा बैठक रखने एवं उसमें आवश्यक दिशा निर्देश देने के बावजूद भी 32 विद्यालयों के परीक्षा परिणाम संतोष जनक नहीं पाए गए और 50% से कम आया है। संबंधित प्राचार्य का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा है। इससे स्पष्ट है कि प्राचार्य के द्वारा विद्यालय में अध्यापन का कार्य सही ढंग से नहीं कराया गया। जो कार्य के प्रति उनकी उदासीनता और गैर जिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है। इस संबंध में सभी 32 प्राचार्य अपना स्पष्टीकरण 15 जुलाई, शाम 4:00 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**जिले के 20 स्कूल हैं शामिल-** उन्होंने बताया कि जिले में कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कमजोर परीक्षा परिणाम प्रस्तुत करने वाले में 20 स्कूल शामिल है। जिसमें बेरला विकासखंड के 2, साजा के 7, नवागढ़ के 5 और बेमेतरा विकासखंड के 6 स्कूल शामिल है। कक्षा दसवीं की परीक्षा परिणाम में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में शासकीय हाईस्कूल हेमाबंद 22% और शासकीय हाईस्कूल बिलई 24% है। इसी तरह से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने विद्यालयों की संख्या 12 है। जिसमें बेरला विकासखंड के 2 स्कूल साजा विकासखंड के 4, नवागढ़ विकासखंड के 4, और बेमेतरा विकासखंड के 2 स्कूल शामिल है। सबसे कमजोर प्रदर्शन शेष पेज 12 पर

## हादसा : दाढ़ी थाना के ग्राम चिल्फी में हुआ दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर की पावर मशीन में लुंगी-गमछा फंसा, किसान का धड़ सिर से अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

जिले के दाढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिल्फी में शनिवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। खेत में दवाई छिड़कने के दौरान ट्रैक्टर की पावर मशीन में फंसकर एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में किसान का सिर धड़ से अलग हो गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम चिल्फी निवासी प्रेम नारायण बारले (55 ), पिता ननकू राम बारले, अपने छोटे बेटे के साथ खेत में खरपतवार नाशक दवा छिड़कने गए थे। सुबह करीब 9 बजे जब वह ट्रैक्टर के पास पहुंचे, तभी उनकी लूंगी और गमछा पावर मशीन के शाफ्ट में फंस गया। मशीन की तेज़ गति में कपड़े के साथ उनका शरीर भी खिंच गया और उनका सिर धड़ से अलग हो गया। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने जब ट्रैक्टर की आवाज़ सुनी और पास पहुंचे, तो प्रेम नारायण का शव खून से सना हुआ मशीन में फंसा मिला। घटना की सूचना तत्काल दाढ़ी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा



### सदमे में परिवार

प्रेम नारायण बारले किसान परिवार से थे और खेती-किसानी ही उनका मुख्य जरिया था। उनके परिवार में पत्नी सहित तीन बेटे हैं। घटना के समय उनका छोटा बेटा भी खेत में मौजूद था, जो सदमे में है। यह हादसा पूरे परिवार पर पहाड़ बनकर टूटा है।

### प्रशासन से मदद की मांग

घटना के बाद गांव के लोगों में शोक और आक्रोश दोनों है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और तत्काल मुआवजा देने की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आरएल टोंडे ने बताया कि पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और हादसे की विस्तृत जांच जारी है।




# बारगांव में कुल्हाड़ी मारकर युवक ने बुजुर्ग की हत्या की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला थानांतर्गत ग्राम बारगाँव में हत्या का मामला सामने आ रहा है, जिसमे शुक्रवार की शाम गाँव के स्थानीय आरोपी 22 वर्षीय युवक ने कुल्हाड़ी से बुजुर्ग व्यक्ति पर ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मामले में बेरला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तारी कर लिया ओर हत्या की जांच कर रही है । पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौप दिया गया है।

■ बेरला क्षेत्र में सप्ताह में दूसरी बार हत्या की वारदात, आरोपी गिरफ्तार

दरअसल इस पूरे घटनाक्रम का कारण मृतक व आरोपी के बीच घटना के पूर्व हुए मामूली विवाद को बताया जा रहा है जो बाद में मर्डर का असल वजह बन गया। जानकारी के मुताबिक बारगाँव के 22 साल के युवक जीवन यादव पिता लक्ष्मण यादव कृषि यंत्र की मरम्मत कराकर पिपरोलडीह के रास्ते गाँव की ओर लौट रहा था, इसी बीच किसी बात को लेकर गाँव के 53 वर्षीय बुजुर्ग छबिराम साहू से बहस व वाद-विवाद हो गई, जिसमे कुछ देर की कहासूनी के बाद आरोपी और मृतक अपने अपने रास्ते हो लिए। फिर अचानक शाम के वक्त मृतक छबिराम फिर आरोपी जीवन से गालीगलौज व विवाद करने लगा, जिससे तंग आकर तैश में आरोपी जीवन यादव ने घर से कुल्हाड़ी लाकर गाँव के मढ़ा तालाब के पास बैठे शेष पेज 12 पर

# अघोषित बिजली कटौती से किसान परेशान, सिंचाई ठप, नर्सरी सूख रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विद्युत वितरण कम्पनी भिंभौरी के अंतर्गत गोड़गिरी स्टेशन से संचालित अटल ज्योति विद्युत कनेक्शन कटौती के बाद भी घंटों बंद होने की वजह से क्षेत्र के कई गावों में सैंकड़ो किसानों के मोटर पंप बंद रहे। जिनमें गोड़गिरी, गाड़ामोर, सिंगारडीह, खंघारपाट, बोहारडीह कोहड़िया शामिल है। ग्राम बोहारडीह के किसान दिलीप साहू ने बताया कि रोपाई हेतु बारीश के पानी से खेतों की मताई का कार्य प्रारम्भ किया था किन्तु अघोषित बिजली कटौती की वजह से लगातार मोटर पंप बंद रहा।जिसकी



वजह से सारे खेत सुख चुके है। ग्राम बोहारडीह से विकास कश्यप ने बताया कि कुछ दिन पूर्व किसान ट्रांसफार्मर के लिए काफ़ी मशक्कत कर रहे थे जो कि एक माह के बाद लगा किन्तु जब से ट्रांसफार्मर लगा है दिन-दिन भर अटल ज्योति लाइन बंद रहता है। तो वहीं खंघारपाट के किसान तखत वर्मा ने बताया कि अघोषित बिजली कटौती की वजह से मताई का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। बोहारडीह के किसान शरद साहू ने बताया की रोपाई कार्य प्रारम्भ होना था किन्तु पानी नही होने की वजह से मजदूर वापस चले गये। किसानों ने बताया कि अटल ज्योति विद्युत कनेक्शन का संचालन बिलकुल भी उचित तरिके से नही हो रहा है। यह लाइन चलती कम है बंद अधिक रहती है। बड़ा भी एक दफा ही ठीक ठाक हुई है किन्तु अघोषित बिजली कटौती की वजह से मोटर पंप लगातार बंद रहते हैं जिससे सिंचाई व्यवस्था भी लगातार प्रभावित रहती है। ऐसे में क्रृषि कार्य किस प्रकार पूर्ण होगी किसान इस बात को लेके काफ़ी चिंतित है।

### बिजली दर में वृद्धि के विरोध में शिवसेना का सीएम को पत्र

**बेमेतरा।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने बिजली बिल पर बढ़ोतरी विरोध जताते हुए वापस लेने की मांग की है ओर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। वही सोमवार कलेक्टर को शिवसेना पार्टी के ज्ञापन सौंपएगी । जारी बयान में चौहान ने कहा कि बीजेपी सरकार ने राज्य में 1 जुलाई से छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है जो प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है।जिस प्रदेश में बिजली पैदा होती है ओर अन्य प्रदेश को कम कीमत सप्लाई की जाती परंतु शेष पेज 12 पर



### राम नाम की महिमा से बड़ा राम का नाम : संतोषी लाल

# मारवाड़ी सेवा मंच कांवरियों के लिए लगाया सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

महाराणा प्रताप भवन में महादेव शिव भक्ति के महापर्व सावन माह में थान खम्हरिया से होकर भोरमदेव पदयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शुद्ध, सात्विक भोजन, स्वल्पाहार एवं विश्राम की व्यवस्था 12 जुलाई से श्रद्धेय संतोषी लाल पाराशर के सानिध्य में अनिल सिंघानिया, शिवेंद बिंदल व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित व भगवान शिव महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पश्चात पं. संतोषी लाल पाराशर का साल, श्रीफल,



पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। यह आयोजन का तीसरा वर्ष है। मारवाड़ी सेवा मंच का सामाजिक, धार्मिक कार्यों में हमेशा सहभागिता रहती है। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल ने कहा सावन मास पर सेवा करने का सौभाग्य शिव भक्तों के लिए यह प्रयास किया गया है। और हम सब का सौभाग्य है, कि इस पुण्य कार्य में सहयोग सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। परम श्रद्धेय पं. संतोषी लाल पाराशर ने अपने आशीर्वचन में कहा, सावन महोत्सव जिसे श्रावण महोत्सव भी कहा जाता है। एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है शेष पेज 12 पर

## किसान परेशान पर प्रशासन नहीं कर रहा है कार्रवाई

# हरदास में 400 डंपर मिट्टी डंप, आम और नदी मार्ग बंद, किसानों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम हरदास में 400 से ज्यादा डंपर मिट्टी डालकर न सिर्फ सरकारी रास्ता बंद कर दिया गया है, बल्कि नदी के प्राकृतिक बहाव मार्ग को भी रोक दिया गया है। इससे बारिश में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है और 50 से अधिक किसानों की फसल डूबने की कगार पर है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते छह माह से तहसीलदार, खनिज विभाग सहित प्रशासन को लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं। सुशासन पर्व के दौरान भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक सिर्फ कागजी पंचनामा कर खानापूर्ति की गई। ना तो अतिक्रमण हटा, ना ही नदी मार्ग बहाल हुआ।

**मिलीभगत से गलत नाप?-** पीड़ित किसान गिरधारी साहू का कहना है कि सरकारी रास्ते को पटवारी द्वारा अतिक्रमण करने वाले व्यक्ति की निजी भूमि बता दिया



गया, जबकि 2006-07 में तत्कालीन एसडीएम अमित कटारिया द्वारा कराए गए नाप में रास्ता स्पष्ट रूप से सरकारी भूमि पर था, जो अब रिकार्ड में हेराफेरी से बदल दिया गया है।

**मानसिक रूप से परेशान परिवार-** गिरधारी साहू ने बताया कि शिकायत करने पर भाजपा नेता राजकुमार साहू, योगराज साहू और मोनू साहू द्वारा उनके बेटे को धमकाया गया और ट्रांसफर, सस्पेंशन व मारपीट की धमकी भी दी गई। इससे उनका परिवार मानसिक रूप से बेहद तनाव में है और स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है।

**अन्य अतिक्रमण भी अनसुलझे-** ग्रामीणों का आरोप है कि भीखम साहू के नाम पर करीब 70 एकड़ जमीन होने के बावजूद उन्हें आबादी पट्टा मिला है। उनकी आरा मशीन और चावल मशीन भी कथित रूप से सरकारी ज़मीन पर है, लेकिन इन मामलों में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**मुख्यमंत्री निवास के घेराव की चेतावनी-** गिरधारी साहू ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया और नदी मार्ग बहाल नहीं किया गया, तो वे परिवार सहित मुख्यमंत्री निवास में जाकर जनदर्शन में अपनी शिकायत रखेंगे। साथ ही घर की चाबी, खेत की ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड और बैंक पासबुक सौंपकर वहीं डटे रहेंगे जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता।

# भरचट्टी शाला में बाल सदन और इको क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भरचट्टी विकासखंड बेरला में बाल सदन एवं इको क्लब का गठन किया गया। शाला की शिक्षिका हिरकणी साहू ने कहा बच्चों को जिम्मेदारी देने से बच्चों में नेतृत्व गुण विकसित करने से उनके आत्मविश्वास,



समस्या-समाधान कौशल, टीम वर्क, और जिम्मेदारी की भावना बढ़ती है। इससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर ढंग शेष पेज 12 पर


छत्तीसगढ़ कृषि कॉलेज

धनोरा, दुर्ग

कृषि बी.एस.सी.

8982102362

# कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने कराना होगा पोर्टल में पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ वर्ष 2025 से कृषक उन्नति योजना में धान के साथ-साथ फसल विविधिकरण प्रोत्साहन के तहत दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भता के लक्ष्य के साथ योजनान्तर्गत विहित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को आगामी 31 अक्टूबर के पहले पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है।

धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसलें (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रू प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विगत खरीफ में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो, उन्हें धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन तथा गिरदावरी में रकबे की पुष्टि उपरांत 11 हजार रू. प्रति एकड़ की दर से आदान सामग्री का भुगतान किया जाएगा। अतः कृषकों से अपील की गई है कि योजना का लाभ लेने हेतु 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व संबंधित सहकारी समिति के माध्यम से एकीकृत किसान पोर्टल में अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

## एकीकृत किसान पोर्टल में 31 अक्टूबर 2025 के पूर्व पंजीयन अनिवार्य

### योजना का उछेश्य आय बढ़ाना

कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के काश्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके आर्थिक सामाजिक स्तर में सुधार के साथ उन्नत बीज. उर्वरक कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन तकनीक में निवेश तथा फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देते हुए कृषि लाभकारी व्यवसाय के रूप में पुनर्स्थापित करना है। इस योजना का कियान्वयन खरीफ 2025 से किया जायेगा।



### ये किसान योजना में होंगे पात्र

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे समस्त कृषक, जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. कृषि बीज एवं कृषि विकास निगम को धान बीज का विक्रय किया गया हो, विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई हो तथा समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल दलहन, तिलहन, मक्का, लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी, रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया हो, योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**साजा।** बेमेतरा जिला के नये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत रोहडेलकर द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।अस्पताल के स्टोर कक्ष, लेब,प्रसव कक्ष, ओपीडी ,एक्स रे ,कक्ष का निरीक्षण कर आईपीडी में भर्ती मरीज के संबंध में जानकारी लिया,साथ ही सेक्टर साजा की समीक्षा बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए समस्त अधिकारी कर्मचारियों को नियत मुख्यालय पर निवास कर शासकीय कार्य का संपादन करने तथा सभी मरीजो को तत्काल स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है विशेष रूप से समय पर सभी कर्मचारियों को पहुंचने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य शिविर का ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**दुर्ग।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगपुरा द्वारा ग्राम ढाबा में निःशुल्क एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया। शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, ग्राम ढाबा के सरपंच कमल नारायण साहू द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। शिविर में आयुर्वेद के 333, होम्योपैथी के 115, शुगर के 55, मोतियाबिंद 1 ग्रामवासी ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में प्रभारी डॉ टिकेश्वरी गनवीर, डॉ समलित ठाकुर, डॉ मणिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ सुमन साहू, डॉ एकता चन्द्राकर आदि ने सेवाएं दी।

### एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत चीचा जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत और शाला परिवार ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम पर तालाब के मेड़, रोड के किनारे, विद्यालय परिसरों में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पौधरोपण किया। जिसमें सरपंच पुकेश साहू सहित पंचगण व गांव के नागरिक शामिल हुए। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शाला परिवार के समस्त शिक्षकों का पंचायत द्वारा श्रीफल, लेखनी दे कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए श्री बघेल ने सरपंच और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## आक्रोश : जनहित के मुद्दे पर चर्चा का नहीं मिला अवसर, बगैर चर्चा निकले

# कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार, सीईओ के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत की सामान्य सभा का कांग्रेसी सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया। बैठक में कांग्रेसी सदस्यों ने उनके कार्यकाल के तरह ही मीडिया कर्मियों को प्रवेश भी बैठक में प्रवेश दिए जाने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सीईओ ने ऐसा नही कर सकने की बात कही दी। जिससे कांग्रेसी सदस्य नाराज हो गए और उन्होने सामान्य सभा का बहिष्कार कर जिला पंचायत परिसर में निकल गए।

जिला पंचायत परिसर के बाहर विपक्षीय कांग्रेसियों ने सीईओ बजरंग दुबे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, उन्होने इस दौरान सीईओ की मनमानी नही चलेगी जैसे नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि, सदस्य दानेश्वर साहू ने कहा कि, उनके पूर्व के कार्यकाल में मीडियों को प्रवेश दिया जाता रहा है और वे वहां से रिपोर्टिंग करते आए है। लेकिन सत्तापक्ष के इशारे पर सीईओ ने मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसे लेकर कांग्रेस के सभी सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडियों के प्रवेश को इस तरह रोकना बेहद निंदनीय है। इस दौरान उषा सोनवानी, दानेश्वर साहू, आशा विक्की मिश्रा, देवेन्द्र चंद्रवंशी और नोमिन ठाकुर सहित सभी जिला पंचायत परिसर के बाहर निकलकर नारेबाजी करने लगे थे।

## विपक्षीय सदस्यों का आरोप आखिर बंद दरवाजे में बैठक क्यो?



### किसान और शिक्षा सहित कई मुद्दे नही रख पाए

जिला पंचायत परिसर के बाहर आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि, सामान्य सभा की बैठक में सदस्यों द्वारा खेती किसानी में खाद की समस्या और युक्तियुक्तकरण के बाद भी शिक्षक कमी के मुद्दो उठाने की तैयारी में थे। लेकिन सीईओ के हट और भाजपा सदस्यों की अडियल रवैय्ये के कारण उन्हें बैठक का बहिष्कार करना पड गया। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू ने कहा कि, कांग्रेस कार्यकाल में मीडियों कर्मियों का कभी नही रोका गया, फिर भाजपा ऐसा क्यो करना चाह रही है। उन्होने उनके इस फैसले पर सवाल उठाया और कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही है।

### देखते रह गए भाजपा के दोनो विधायक

सामान्य सभा की बैठक में अहिवारा के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर बैठक में मौजूद थे। सदस्यों ने कहा कि, जब मीडिया कर्मी को भी प्रवेश देने का प्रस्ताव रखा गया। इस पर सीईओ बजरंग दुबे ने आपत्ति जताई, वही दोनो विधायक और भाजपा सदस्यों ने भी इस पर कुछ नही किया। दोनो विधायक के सामने सभी कांग्रेसी सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी ने कहा जनता वोट देकर जिन विधायको को यहां तक पहुंचाया, उनकी चुप्पी समझ से परे है।

### शिक्षक की कमी को लेकर जताई नाराजगी

दुर्ग। बैठक में युक्तियुक्तरण के बाद भी स्कूल में शिक्षक नही होने का मामला गर्माया रहा। पाटन जनपद अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि जामगांव म में एक भी शिक्षक नहीं हैं, यही हाल गिरहोला स्कूल में बनी हुई है। विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा बोर खनन के लिए जीआईएस पाइपलान की गुणवत्ता की जांच कर बोरखनन का कार्य किया जाए। शासन को जो मांग पत्र दिया गया है, उसके एक प्रति मुझे उपलब्ध करायी जाए। विधायक ललित चंद्राकर द्वारा निदेर्शित किया गया कि, योजनाओं से संबंधित लक्ष्य एवं शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य एवं उसकी पूर्ति की जानकारी लिखित रूप में उपलब्ध कराए। बैठक के दौरान पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बताया गया कि सहायक पशु चिकित्सा की कमी बताया गया। ललित चंद्राकर द्वारा कृषि विभाग को कमेटी बनाने को कहा गया, जिससे वह खाद एवं बीज की बढ़ती कीमतों पर नजर रखें एवं निजी संस्थानों द्वारा खाद एवं बीज को उच्च दामों पर बेचे जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। जितेन्द्र यादव द्वारा ढ़ौर ग्राम पंचायत में पाइपलाईन के विस्तार के उपरांत सड़क मरम्मत का कार्य नहीं किये जाने पर अधिकारी को तत्काल कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए गए। जांमगांव एम एवं तर्रा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत पाटन में दो कक्ष को जर्जर बताया गया। जिसको तत्काल दुरूस्त करने की कार्यवाही किये जाने हेतु डीईओं को निर्देशित किया गया। वर्तमान में शिक्षक विहीन शालाओं की जानकारी चाही गई एवं अतिशेष प्रधानपाठकों की पदस्थापना की जानकारी चाही गई। पाटन जनपद अध्यक्ष ने कहा जामगांव म में शिक्षक नहीं हैं। तत्काल शिक्षक की व्यवस्था की जाए। बटंग में हायर सेक्डरी स्कूल की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत बिरोदा में शिक्षक एवं प्रधान पाठक नहीं होना बताया गया।

## आप ने की पोर्टल में गड़बड़ी करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरटीई पोर्टल को हेकिंग कर प्रवेश कराने के संबंध में शिकायतकर्ता भगवंत राव तथा जिला शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध अपराध दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन आप के प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग मेहरबान सिंह, जिला उपाध्यक्ष भिलाई नगर प्रभारी जसप्रीत सिंह व प्रदेश सचिव ज्योति की अगुवाई में भिलाई पुलिस कंट्रोल में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने भगवंत राव की शिकायत पर जांच कर पोर्टल में गड़बड़ी करने का दोषी 17 पालकों को पाया है और कार्रवाई के तहत बच्चों का एडमिशन सिर्फ रद्द कर दिया है उन पालकों के विरुद्ध अपराध दर्ज क्यों नहीं कराया। कुल 74 बच्चों का एडमिशन रद्द हुआ उनमें से 17 हैकिंग के दोषी है।

आप ने सवाल किया है क्या बच्चों के एडमिशन को लगभग 2 साल हो चुके है शिकायर्ता भगवंत राव ने जिला शिक्षा अधिकारी को 27 अगस्त 24 को आरटीई के पोर्टल को हैक करने की शिकायत की तो क्या साथ में कोई साक्ष्य दिया है, क्या शिक्षा विभाग आरटीआई के पोर्टल को हैक करने की जांच करने की दक्षता रखता है, क्या शिक्षा विभाग ने इस जांच में पुलिस की कोई सहायता ली। सहित अन्य सवाल शामिल हैं।

के ज्योति ने कहा क्या निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने या किसी गुप्त उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक गड़बड़ी करने की कहानी गढ़ कर एडमिशन रद्द करने का षड्यंत्र रचा गया और षड्यंत्र को सफल बनाने में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की गई तथा निर्दोष पालकों को ये अपराध करने का दोषी करार दे दिया गया है। उन्होंने दोषियों पर अपराध दर्ज कर प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर जसप्रीत सिंह, रवि राय, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, रऊफ अनसारी, हर चरण सिंह, बलविंदर सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, यासमीन, सचिन बंजारे, प्रमोद कुमार, रितु रात्रे आदि मौजूद थे।

# सफाई कार्य का निरीक्षण करने वार्ड में पहुंची महापौर, अतिक्रमण को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम के तहत शहर की सफाई वयवस्था पर लगातार निगम अमला कार्य कर रहा है। महापौर अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बोरसी वार्ड 51 में सफाई कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सफाई और सुधार कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कलकत्ता स्वीट से इशू बाड़ी गार्डन तक नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

- नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण हटाने कहा



महापौर ने सड़क क्षेत्र और घरों व दुकानों के सामने और नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गार्डन की सफाई निरन्तर करते रहें। इन कार्यों को पूरा करने से वार्ड 51 वृंदावन नगर की स्वच्छता और सुंदरता में सुधार होगा। उन्होंने सड़क किनारे नालियों के आस पास से झाड़ियों व घास को हटाने कहा। इस दौरान महापौर ने साफ-सफाई के साथ घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद साजन जोसेफ, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता विकास दमाहे सहित अन्य सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# लॉटरी पद्धति से 33 हितग्राहियों को मिला अपना आवास

**भिलाई।** नगर पालिका निगम रिसाली द्वारा दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा, नेता प्रति शैलेंद्र कुमार साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत मोर मकान मोर आस योजना के तहत लॉटरी पद्धति द्वारा पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन किया। हितग्राही स्वयं लाटरी पद्धति में शामिल होकर आवास चुना। साथ ही मोर ज़मीन मोर मकान योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के प्रमाण-पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किए। यह योजना शहरी गरीब परिवारों को सम्मानजनक आवास प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जो जनकल्याण और समावेशी विकास के संकल्प को साकार कर रही हैं। मोर मकान मोर आस के तहत लक्ष्मी नगर 36 यूनिट एवं प्रदीप्ति नगर 348 यूनिट में इन हितग्राहियों को आवास मिला मिला। साथ ही मोर ज़मीन मोर मकान के अंतर्गत 90 पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि गरीबों के पक्के मकान के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, अनिल देशमुख, रोहित धनकर आदि मौजूद थे।



# इंदिरा मार्केट पहुंचे विधायक, समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र इंदिरा मार्केट का विधायक गजेन्द्र यादव ने दौरा किया और वहां कार्यरत व्यापारियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने पहल की। विधायक यादव ने अनाज लाइन, फल एवं सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और गांधी चौक स्थित ट्रांसफार्मर की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। मौके पर उन्होंने व्यापारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर के स्थानांतरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा योजना समेत केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा सभी फुटकर व्यापारियों से कहा कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की इंदिरा मार्केट में व्यापारियों, विशेषकर अनाज एवं फल विक्रेताओं से भेंट कर समस्याओं को जाना और सभापति श्याम शर्मा एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग समेत कई विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक सुरक्षा उपाय पर जल्द ही कार्य करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमारी प्राथमिकता है कि हर नागरिक को एक सुरक्षित और व्यवस्थित बाजार मिले तथा इंदिरा मार्केट सुरक्षित और सशक्त व्यापार का केन्द्र बने।

- अनाज व सब्जी व्यापारियों से की चर्चा, जानी समस्याएं



# बाढ़ से बचाने सभी ब्लॉक के स्कूली बच्चों को किया जाएगा प्रशिक्षित

## आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम करेंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू एवं शीत लहर से होने वाले नुकसान की रोकथाम एवं न्यूनिकरण के उद्देश्य से जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के अंतर्गत केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग एवं स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूल आयोजित किए जा रहे हैं।

- ब्लाकों में 25 शासकीय अधिकारी को मिलेगा प्रशिक्षण

इस क्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड में 25-25 शासकीय अधिकारी, कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ब्लॉक के 250-250 स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को दो बैचों में स्कूल स्तर पर वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देना, बचाव के उपायों को समझना और समुदाय में जागरूकता फैलाना है, जिससे आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। स्कूली बच्चों को विशेष रूप से आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे ताकि वे न केवल स्वयं की सुरक्षा कर सकें, बल्कि दूसरों को भी जागरूक कर सकें। जिले के विकासखंडों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) प्रशिक्षण और जागरूकता के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों, बच्चों की सूची बनाकर प्रारूप अ एवं प्रारूप-ब में प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराना होगा।

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी से उपभोक्ता बेहाल, नए मीटर से अलग परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा घरेलू बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश है। इसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने कहा कि रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर जैसे शहरों में लोग बेहाल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों मे तो बहुत बुरा हाल है। घंटो बिजली गुल रहती है। उपर से स्मार्ट मीटर लग जाने से लोग अलग परेशान हो रहे हैं। बहुत तेजी से लोगो की जेब कट रही है। इतना सब होने के बावजूद भी बड़ी ही बेशर्मी से साय सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर दी है।

AISECT Education. Empowerment. Enterprise.
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) - Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
|---|---|
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable : 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप



### गुरु-पूर्णिमा पर्व से श्रावण मासी रामायण प्रारंभ

**कोलेगांव।** ग्राम धनेली में विगत 10 वर्षों से भगवान शिव के प्रिय पवित्र श्रावण मास के पावन पर्व पर प्रति दिन शाम को श्री रामायण मंडली का आयोजन किया जाता है, जिसमें गांव में सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष यह गुरु पुर्णिमा से प्रारंभ होकर श्रावण, भाद्रपद एवं क्वांर मास के शरद पूर्णिमा तक आयोजित किया जाता है, जिसमे प्रतिदिन अलग-अलग ग्राम से मानस मंडली सम्मिलित होकर मानस गायन-वादन किया जाता है। वहीं इस वर्ष भी त्रिवेणी मानस मंडली समिति द्वारा श्रावण मासी रामायण मंडली का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के मानस मंडलियों से अपील कर इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रीराम-चरित्र मानस गायन को सफल बनावें। वहीं श्रावण मासी रामायण गायन-वादन से ग्राम धनेली व आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। त्रिवेणी मानस मंडली संरक्षक जुठेल साहू, गौतम साहू, श्रवण साहू, भोला साहू, श्रीराम साहू, कुमार साहू, भागवत धुर्वे, लखन साहू, बलदाऊ साहू, कुमार निर्मलकर व त्रिवेणी मानस मंडली के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान दिया जा रहा है।

### भोरमदेव में ज्वाईन हैण्डस का भण्डारा 14 को

**कवर्धा।** कवर्धा। सावन सोमवार 14 जुलाई को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भोजन भंडारे का आयोजन किया गया है, जहां सुबह 5 से 7 बजे तक चाय-नाश्ता और साढ़े 7 बजे से शाम 6 बजे तक भरपेट भोजन की व्यवस्था किया जाएगा। ज्वाईन हैंण्डस के सदस्यों ने बताया की सावन के सोमवार को अमरकंटक एवं अन्य स्थानो से भोरमदेव तक पद यात्रा मे आने वाले भक्तों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था किया गया हैं खास कर कांवड़ियों एवं सोमवार को व्रत करने वालो का भी ध्यान रखा जाएगा। भोरमदेव शिव मंदिर मे प्रति वर्ष सावन माह मे लगभग 4 से 5 लाख श्रद्धालु शिव शंकर की पूजा व दर्शन करने पहुंचते हैं, जिसके लिए समाजसेवी संस्था ज्वाईन हैंण्डस द्वारा विगत 14 वर्षों से भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दो रविवार को भी बम यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

### पोलमी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व मना

**कुई कुकदूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिषर में कुल 30 पौधे रोपे गए, जिनमें सागौन, जामुन, करंज, नीम एवं खम्हार जैसे छायादार व औषधीय महत्वपूर्ण वृक्ष शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं गुरुओं के वंदन से हुई। बच्चों को गुरु के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की भावना से जोड़ते हुए शिक्षकों ने प्रेरणादायक संदेश दिए। इस अवसर पर प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर, श्रवण कुरचाम एवं वरिष्ठ नागरिक धनीराम करायत की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम : पौधों व वृक्षों के संरक्षण का लिया संकल्प, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी**

# राखी के शाला परिसर में सरपंच और ग्रामीणों की मदद से किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व शाला एवं प्राथमिक शाला राखी विकासखंड साजा में एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने, शाला परिसर में सरपंच, पंच, शाला प्रबंध समिति के सदस्य, बच्चों की माताएं, ग्रामीणों के द्वारा उत्साह के साथ बड़ी संख्या में वृक्षारोपण किया गया। साथ ही उनकी देखभाल का भी संकल्प लिया गया। नन्हें नन्हें बच्चों द्वारा इस अवसर पर मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। बच्चे अपनी माताओं के साथ नीम, करंज, गुलमोहर, शीशम, सीताफल, कचनार आदि के पौधे लगाए। सरपंच भीष्म साहू के द्वारा पौधों को बढ़ाने के लिए खाद प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। प्रधानपाठक गायत्री जोगी के द्वारा पौधों के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। पौधे ही हमारे




जीवनदाता है, आज के इस आधुनिक युग में हम सभी को शुद्ध वायु की आवश्यकता है। जिसके लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लेकर उसकी सुरक्षा हेतु सभी को सहयोग कि अपील की। संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम के द्वारा ग्रामवासी और सरपंच को इस नेक कार्य में सहयोग देने पर बधाई दी गई। आज इस एक कदम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में हम भी अपनी सहभागिता निभा पाए, इस हेतु शाला परिवार के द्वारा उपस्थित समस्त गणमान्य का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच भीष्म साहू, संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष राकेश टंडन, प्रधान पाठक गायत्री जोगी, दीपा म्रिचंदे, शिक्षिकाओं नीलम देवांगन, देवलता साहू, प्रतीक्षा दुबे, किरण कुंजाम, पंच गण पवन कुमार, दाऊ राम, रोहित, अर्जुन भारती, सुरेश साहू, हेमंत, रोहित, श्रवण, बरसन, पुनीत, उर्मिला, ललिता, अनिता साहू, शांता, पार्वती, दुलारी, पुराणिक, जितेंद्र भारती, टहल राम आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नवकार महिला मंडल ने रानो के बच्चों को जूते-मोजे बांटे



**बेमेतरा।** साजा विकास खण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन की प्रेरणा से नवकार महिला मंडल परपोड़ी ने शाला के नवप्रवेशी बच्चों को जूते एवं मोजे का वितरण किया। बच्चे उपहार पाकर बहुत ही खुश हुए। मण्डल ने नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन को ही इस आयोजन का कार्य भार सौंपा था। जो कि स्वयं इस मण्डल की वर्तमान सदस्य एवं कोषाध्यक्ष है। शाला परिवार ने नवकार महिला मंडल को बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। शाला परिवार भविष्य में भी इस तरह के सहयोग की अपेक्षा रखता है। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन का मानना है कि बच्चे इस तरह से उपहार पाकर बहुत खुश होते हैं तथा उनकी उपस्थिति एवं प्रदर्शन आदि में सुधार भी आता है। साथ ही संघ एवं समुदाय को भी प्रेरणा मिलती है। शाला परिवार ने शिक्षिका के इस कार्य की खूब सराहना की तथा गांव वाले भी प्रसन्न हुए। इस अवसर पर शाला समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू, प्रधान पाठक किशुन साहू संस्था के सभी सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## सिंघौरी स्कूल में बस्ता मुक्त दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्ता मुक्त दिवस पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया।इस कार्यक्रम में गुरु की महत्व को उपस्थित शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताया गया। इसी कड़ी में नुतेश्वर चंद्राकर ने गुरु को परिभाषित करते हुए बताया कि गुरु दो अक्षर से मिल कर बना है गु+रु। गु का अर्थ होता है अंधकार और रु अर्थ होता है प्रकाश।इस प्रकार हमारे जीवन में जितने भी अंधकार रूपी समस्याएं हैं उन समस्याओं को दूर करने का जो ज्ञान एंव मार्ग बताता है वही गुरु कहलाता है।चंद्राकर द्वारा हमारे जीवन का प्रथम गुरु मां को बताया गया।संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने अपने शिक्षकीय जीवन की वास्तविक घटनाओं को गंभीरता से बताया।सरस्वती साहू के द्वारा बहुत ही सुंदर गुरू की महिमा पर सस्वर गीत गायन कर सभी को मनमुग्ध कर दिये।स्कूली बच्चों ने भी गुरुपूर्णिमा पर्व पर अपने विचार व्यक्त किये। मीनाक्षी शर्मा द्वारा स्वयं के व्यय पर नव प्रवेशी बच्चों को टाई और बेल्ट प्रदान किए गए। मंच संचालन प्रतिज्ञा साहू शाला नायक एंव ललिता साहू द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के दौरान शशिकला यादव, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, देवेंद्र साहू,प्रशांत बघेल,साजन वर्मा,किरण खरे एंव पूनम साहू उपस्थित रहे।

## केशतरा स्कूल के शिक्षकों ने दिया बच्चों को नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केशतरा विकासखंड साजा के शिक्षक प्रदीप कुमार ठाकुर एवं गीतेश कुमार देवांगन द्वारा अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में बच्चो को नेवता भोज दिया गया। नेवता भोज में खीर, पुड़ी, दाल, चावल, सब्जी, पापड़, मिठाई परोसा गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा नीलेश चंद्रवंशी, बीआरसी साजा भेखदास बघेल, सरपंच दिलेश्वर पिंटू साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा जनभागीदारी हाई स्कूल के अध्यक्ष संतोष साहू, विधायक प्रतिनिधि रोहित साहू, ग्राम के गणमान्य नागरिक चन्द्रभान तिवारी, पूर्व माध्यमिक शाला के शाला विकास समिति अध्यक्ष साधना यादव, प्राथमिक शाला के शाला विकास समिति के अध्यक्ष नेमा निषाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी ने शिक्षकों



के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। नेवता भोज पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए। यहां यह उल्लेखनीय है कि नेवता भोज का उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए समुदाय की भागीदारी से भोजन को और अधिक पौष्टिक बनाना है। इससे बच्चों में अपनापन और समानता का भाव विकसित होता है। कोई भी व्यक्ति या समाज के लोग शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, त्योहार आदि अवसरों पर अपनी स्वेच्छा से नेवता भोज का आयोजन कर सकते हैं। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन कुमार साहू, गीतेश कुमार देवांगन, प्रदीप कुमार ठाकुर, ओंकार प्रसाद डडसेना, प्राथमिक प्रधान पाठक गणेश्वर ठाकुर, रोशन महिलांगे, जनभागीदारी हाईस्कूल के प्राचार्य नेमेश्वरी साहू, गौतम साहू, सीमा चक्रधारी, सफाई कर्मी पवन ठाकुर, रसोइया दुलेश्वरी साहू, चम्पा साहू, चितरेखा चक्रधारी, बसंता ठाकुर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया।

### धौराभाठा शाला में न्योता भोज कराया

**साजा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत ग्राम धौराभाठा के पालक श्रीमती फूलबाई पटेल द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा संकुल - परपोड़ी में पूर्ण न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज में स्कूली बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस योजना के तहत शाला में आयोजित न्योता भोज में बच्चो को चावल,दाल,सब्जी(आलू,चना),खीर,पूड़ी व फल परोसा गया तथा प्रत्येक बच्चे को 1- 1 पेन प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षदगण भूपसिंह मरकाम, संतू देवांगन, हेमराज पाल,संकुल समन्वयक अजय सिंह ठाकुर,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती कविता वर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती उमेश्वरी जंघेल,पूर्व smc अध्यक्ष श्रीमती एकता वैष्णव,गणमान्य नागरिक,पालकगण,प्रधान पाठक श्री राजेश कुमार साहू और शिक्षक नितिन कुमार पोलियर उपस्थित हुए।

## ग्राम कन्हेरा विद्यालय में बाल संसद गठन कर दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक / पूर्व माध्य. शाला कन्हेरा में बाल संमद का गठन किया गया,जिसमें सर्वसम्मति से शाला के बच्चों ने दुर्गेश्वरी साहू कक्षा आठवीं की छात्रा को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया।इसी प्रकार उपप्रधानमंत्री रमा शर्मा (उपप्रधान मंत्री), गीता साहू (शिक्षा मंत्री), देवयादव (स्वास्थ्यमंत्री), तुमेश्वर (वित्तमंत्री) , लुकेश्वर (खेल मंत्री) अदिति मिर्जे (गृहमंत्री) सागरदास (खाद्यमंत्री) पुरुषोतम (जलसंसाधन मंत्री) सावित्री (महिला एवं बाल। विकास मंत्री) वंदना (सांस्कृतिक मंत्री) ,पायल (स्वच्छता मंत्री) दीपिका (अनुशासन मंत्री) चुना गया।इसी कड़ी में कक्षा प्रभार- कक्षा आठवीं से हिमांगी (कप्तान), श्वेता (उपकप्तान), कक्षा सातवी से समर (कप्तान) भारती (उपकप्तान), कक्षा छठवीं के कु. नव्या (कप्तान) 'कोमल (उपकप्तान) कक्षा- पाँचवी से कु .निशा (कप्तान) यश (उपकप्तान) ,कक्षा चौथी कु. पूर्वी (कप्तान), तुलेश उपकप्तान कक्षा तीसरी से पूनम (कप्तान) अनिष (उपकप्तान) ,कथा-दुसरी से तिलक (कप्तान) , कक्षा पहली से यशवंत कप्तान सर्वसम्मति से बनाया गया एवं शपथ ग्रहण कराया गया कार्यक्रम में समस्त P/S ,m/s समस्त शिक्षक/ शिक्षिका श्री चौवन सिंह वर्मा, श्रीमती,आरती पांडे (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला), श्रीमति पुष्पा साहू,श्री प्रवीण कुमार वर्मा, श्रीमती रेखा साहू,श्री टोपलाल गेंद्रे, श्रीमती अहिमन सिन्हा, श्रीमती उषा मानिकपुरी उपस्थित थे। तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी शिक्षक एवं छात्र वृक्षारोपण किया गया।

## बोर वाहन सड़क हादसे में एक और घायल की मौत कुल 6 लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आमानारा चांटा के पास बीते दिनो हुई बोर वाहन सड़क हादसे में अब मरने वालों की संख्या बढ़ कर 6 हो गई। बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम को ही हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति ने कवर्धा से रायपुर



रिफर किए जाने के बाद रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जबकि इससे पूर्व तीन लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी वहीं दो लोगों की मौत पंडरिया से कवर्धा जिला चिकित्सालय ईलाज के लिए लाते वक्त हो गई थी। इन मृतकों में गजेंद्र राम पिता रंगू राम उम्र 30 वर्ष निवासी ठेठे टांगर बरा गजोर थाना कुनकुरी, सुभाष राम पिता बलदेव उम्र 25 वर्ष ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, हरीश पिता चंद्राराम उम्र 19 वर्ष जाति भुईहर ग्राम बरागजोर थाना कुनकुरी जिला जशपुर, देवधर पिता देवभोराम उम्र 45 वर्ष निवासी नारियरढार कोका भरी थाना भन्सानेल जिला जशपुर तथा राज उम्र 50 वर्ष निवासी तिर चूमगोड़ थाना नामकल जिला नामकल तमिलनाडु शामिल थे।

वहीं शुक्रवार की देर शाम जिला चिकित्सालय से रायपुर रिफर किए जिस घायल की मौत हुई है उसका नाम बलराम पिता सोनू राम निवासी जसपुर बताया जा रहा है। इस प्रकार बोर वाहन सड़क हादसे में अब मरने वालों की संख्या कुल 6 पहुंच चुकी है। शेष घायलों का ईलाज जारी है।

## निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का विधायक साहू ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

अंचल में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का आज दूसरे चरण में विधायक ईश्वर साहू ने निरीक्षण किया आज मुगलाटोला बोरतरा मुंगलाटोला बोरतरा कोंगियाकलासाजा अंचल में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम का आज दूसरे चरण में विधायक ने निरीक्षण किया आज मुंगलाटोला बोरतरा कोंगियाकला नावागांव खुर्द पातारझोरी सहसपुर अकलवारा नावागांव खुर्द पातारझोरी सहसपुर अकलवारा का दौरा कर भौतिक सत्यापन किया कहीं पर भी मिनी स्टेडियम निर्माण संतोषजनक नहीं पाया गया इस पर अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द से जल्द निर्माण पूरा करने के सख्त निर्देश दिए विजिट हो कि मिनी स्टेडियम निर्माण को लेकर बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है इस कार्य की एजेंसी ग्राम पंचायत है निर्माण कार्य के लिए 31 लाख की राशि से बनने वाले मिनी स्टेडियम की 40% राशि अग्रिम निकाली जा चुकी है किसी भी पंचायत में स्वयं से यहां काम नहीं किया कमीशन के चक्कर में ठेकेदारों को काम बेच दिया गया इस चक्कर में खेल मैदान पूरा खेल बनकर रह गया अफसरो ने भी इस कार्य के प्रति उदासीनता दिखाई जिसके चलते साल भर से अधिक समय बीत गया काम पूरा नहीं हो पाया अब विधायक ईश्वर साहू के लगातार निरीक्षणके बाद के निर्माण कार्य में प्रगति आने की संभावना नजर आ रही है आज दौरे में सीईओ सब इंजीनियर ग्राम के सरपंच सचिव जनपद अध्यक्ष जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

24x7 EMERGENCY SERVICE
AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी & लेप्रोस्कोपिक टीम
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेट में जलन / गैस
- आंतों में जख्म / कैंसर
- पैंक्रियास में सूजन
- पित्त की नली में पथरी
- लिवर खराब होना
- पीलिया / हेपेटाइटिस

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सर्जरी में एक साल की अभूतपूर्व सफलता!
- 600+ एंडोस्कोपी (Endoscopy)
- 300+ कोलोनोस्कोपी (Colonoscopy)
- 60+ ईआरसीपी (ERCP)
- 600+ सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी

डॉ. जीवनलाल घीडले
MD (MED.) DM ( GASTRO )
PGI CHANDIGARH
ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

## मौसमी बीमारियों से जागरूक करने के लिए स्वास्थ विभाग ने की काम्बेक्ट टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहडेलकर ने जानकारी देते हुए कहा कि बरसात का मौसम प्रारम्भ होते ही मौसमी बीमारियों एवं महामारी का खतरा बढ़ जाता है। इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर जिले में व्यापक तैयारी की गई है। इसके तहत जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम्बेक्ट टीम का गठन किया गया है। इन टीमों के दल प्रभारी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियो से बचाव के लिए असुरक्षित जलस्त्रोत कुआ, ढोढ़ी, तालाब, नदी, नाला आदि का पानी पीने से बचें, पीने के पानी को हमेशा उबालकर ही उपयोग करें ,जलस्त्रोतों का नियमित रूप से शुद्धीकरण कराएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें और जमीन पर न सोये, बासी खाना, सड़े गले भोज्य पदार्थों का सेवन ना करें ,खेतों पर काम पर जाते समय घर से स्वच्छ पानी लेकर जायें, अपने घरों के आसपार पानी जमा न होने दें और बाहर का खाना खाने से परहेज करें। इसके साथ ही सीएमएचओ ने लोगों से अपील की है यदि कोई भी ग्राम, पारा या मोहल्ला में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने के लक्षण दिखें तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में दें, जिससे समय रहते बीमारीयों को रोका जा सके।

### बीमारियों से निपटने स्वास्थ्य अमला की पूरी है तैयारी




जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने बताया कि महामारी की परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्व वर्षों में अनुभवों के आधार पर महामारी संभावित ग्रामों एवं पहुंचविहीन ग्रामों की पहचान कर स्वास्थ्य कार्यकताओं को जानकारी रख कर वहां पूर्व से स्वास्थ्य सेवा दुरुस्त करना सुनिश्चित करने कहा गया है। बीमारियों से बचाव हेतु विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये गये है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु कुंआ, हैण्डपम्प, नलजल एवं ढोढ़ी की पहचान कर, इन जलस्त्रोतों की नियमित जलशुद्धीकरण करने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की बीमारियों के बढ़ने से रोकने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण सुनिश्चित करने एवं जिले के सभी मितानिनों और सभी डिपोहोल्डर के पास भी पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### शिक्षक को जाति सूचक गाली गलौज, गिरफ्तार



**पाटन।** शिक्षक को जाति सूचक गाली देने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सतनामी समाज का प्रतिनिधि मंडल थाना प्रभारी से मुलाकात कर शिकायत किया था। पाटन पुलिस ने बताया कि पीड़ित शिक्षक चेतन दास बंजारे ने पुलिस को लिखित में शिकायत किया। जिसमें लेखराम वर्मा जो एलबी मिडिल स्कूल तेली गुंडरा में शिक्षक के रुप में पदस्थ है। पीड़ित शिक्षक का वीडियो बनाकर उसे कर्मियों को भेज दिया। इसके साथ की जाति सूचक आपत्तिजनक शब्दों का भी लेखराम प्रयोग किया था। इसके कारण पीड़ित काफी परेशान था। घटना की जानकारी सतनामी समाज के लोगों को मिलने पर तुरंत पीड़ित शिक्षक को न्याय दिलाने प्रतिनिधि मंडल पुलिस से मुलाकात कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए जाति सूचक गाली देने वाले शिक्षक लेखराम वर्मा को पकड़ा गया।

### पैरोल में छूटा आरोपी चकमा देकर हुआ फरार, गिरफ्तार



**पाटन।** पैरोल पर छूटकर आने वाले युवक ने फिर अपराध कर फरार हो गया। शिकायत पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। घटना पाटन थाना क्षेत्र का है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम दैमार निवासी संजू वैष्णव पैरोल में छुटकर आया था। पैरोल का समय समाप्त होने के बाद वे वापस जेल नहीं पहुंचा। बल्कि ग्राम रवैली के नंदन यादव के घर पहुंचा, जहां से वाहन और रुपए लेकर मौके से फरार हो गया। जब पीड़ित को पता चला कि संजू पैरोल पर घर आया था को पुलिस में शिकायत करने के बाद उसे पकड़ा गया। गौरतलब हो कि संजू वैष्णव महिला के हत्या मामले में जेल में है हाल ही में उसे पैरोल में छोड़ा गया था लेकिन संजू पैरोल समाप्त होने के बाद भी जेल न जाकर फरार हो रहा था। पुलिस ने शिकायत के बाद उसे पकड़कर जेल भेज दिया है।

# शहर में सड़कों पर मवेशियों का जमघट, चालक हो रहे हादसों का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नेशनल हाइवे पर मवेशियों का लगातार जमघट लगने से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहें है। बारिश के दिनों में सड़को पर बैठे आवारा मवेशी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। इन पशुओं का सड़क किनारे जमावड़ा लगा रहता है। इससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय ये मवेशी हाईवे पर दिखाई ही नहीं देते हैं, जिससे हादसे का शिकार चालक होते है। दुर्ग से कुम्हारी के मध्य नेशनल हाइवे में यहां रोज मवेशियों के कारण हादसे होते है। पहले तो प्रशासन इनके सींगों पर रिफ्लेक्टर का स्टीकर चिपकाता था। मगर अब मवेशियों के गले में रेड़ियम पट्टी भी लगाया जा रहा है। बावजूद मवेशियों के कारण हादसे लगातार बढ़ रहें है। सिर्फ टोल नाके के आसपास एक बोर्ड लगाकर एजेंसी खानापूर्ति करती है। नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। आए दिन इन पशुओं के कारण कोई न कोई हादसा होता रहता है। कभी पशु घायल होते हैं तो कभी गाड़ी सवार। इन्हें बचाने के चक्कर में कई बार हादसे हो चुके हैं। आवारा पशुओं के झुंड के झुंड बैठे रहने के कारण कई बार जाम भी लग जाता है। आए दिन इन पशुओं को बचाने के चक्कर लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।


## भिलाई-दुर्ग की सड़कों पर उतर आए मवेशी, ट्रैफिक पुलिस ने निकायों को लिखा पत्र

### सूखे की तलाश में बैठते हैं

नेशनल हाईवे पर जगह-जगह डिवाइडर के किनारे ये आवारा मवेशी बैठे रहते हैं। बारिश के दिनों में ये मवेशी सूखे की तलाश में यहां बैठते हैं। इन मवेशियों को गुजरते वाहनों से लगने वाली हवा से मक्खी और मच्छरों से राहत मिलती है। लेकिन ये चालको के लिए बड़े घातक साबित हो रहें है। मवेशियों के कारण कई लोग अपनी जान गंवा चुके है। समस्या का समाधान करने ट्रैफिक पुलिस ने सारे निगम, पालिका को पत्र भेजा है बावजूद अब तक निगमों द्वारा मवेशियों को लेकर कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

### मवेशियों के कारण मौतें

| | |
|---|---|
| 2023 | 70 |
| 2024 | 75 |
| 2025 | 25 |



### रेड़ियम पट्टी लगाने का काम जारी

मवेशियों के गले में रेड़ियम पट्टी लगातार लगाया जा रहा है। नगर निगम, पालिकाओं को भी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। ट्रैफिक पुलिस हादसों को रोकने के लिए लगातार अभियान भी चला रही है। रात को भी सड़को पर पेट्रोलिंग किया जाता है।

**-ऋचा मिश्रा,** एएसपी ट्रैफिक पुलिस

## टाउनशिप में बढ़े अवैध निर्माण, अवासीय ब्लॉकों के पीछे टनों कचरा

# नालियों में बिछाए पेवर ब्लॉक पानी निकलने का रास्ता जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

तीन दिन की लगातार वर्षा से पानी पानी हुई बीएसपी टाउनशिप ने हजारों निवासियों की परेशानी बढ़ा दी। चारों ओर जलजमाव ने आगे रहवासियों के साथ प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। बारिश से जलभराव की वजह हजारों आवासीय ब्लाकों के पीछे बैकलेन की सफाई नहीं होने, नालियों और सड़कों पर बिछाए गए पेवर प्लाक और अवैध निर्माण होना है। यूनियनों ने बारिश के शुरुआती दौर में ही सेक्टरवासियों के विकट दिक्कतों को देखते हुए फौरी तौर पर समस्या के निदान की मांग की है।

दस पंद्रह साल पूर्व तक चारों ओर खुला स्पेस और सुविधाओं से पूर्ण माने जाने वाला सेक्टरी इलाका अब बारिश के मौसम में क्षेत्रवासियों समस्या बनता जा रहा है। मंगलवार से तीन दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश से टाउनशिप में सैकड़ों आवासों, बाजारों, सड़कों, भवनों के आसपास पानी भर गया। अवासों में कई लोगों टूल्लू पंप लगाकर पानी निकालना पड़ा। रहवासियों व यूनियनों के मुताबिक पिछले कुछ साल से हर बार बारिश में चारों ओर जलभराव की ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है। इसका एक बड़ा कारण सभी सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे बेकलेन की सफाई नहीं होना है। साथ ही नगर निगम द्वारा अधिकतर सेक्टरों में सड़कों के किनारे और नालियों पर पेवरब्लाक बिछा दिए गए हैं। जगह जगह विभिन्न प्रकार के अवैध निर्माण और घरों के सामने नालियों पर वाहन पोर्चिंग के लिए फ्लोरिंग कर ली गई है। गाजर घास और झाड़ियों की सफाई नही हुई है और डोर टू डोर कचरा भी नियमित नहीं उठने से और नालियों में जाम होने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के जीएस वीबी सिंह ने बताया कि तीन दिन की बारिश से कई घरों के अंदर पानी भर गया। जलजमाव की समस्या के निदान के लिए बेललेन की सफाई व अवैध निर्माणों को हटाने की मांग प्रबंधन से की गई है।

## यूनियनों ने की जलभराव की समस्या निदान के लिए सफाई की मांग



### पेवर ब्लाक से बढ़ी समस्या

अधिकतर सेक्टरों में पिछले पांच दस साल के दौरान सहायक एवेन्यू मार्ग और क्रास स्ट्रीटों सहित क्वार्टरों के सामने,भवनों, भवनों, खेल परिसरों पूजा स्थल परिसरों के चारों तरफ पेवर ब्लाक बिछाए गए हैं। नगर निगम द्वारा कई सेक्टरों में बेतरतीब ढंग से नालियों पर भी पेवर ब्लाक तान दिए गए हैं। सेक्टर 2, सेक्टर 8, सेक्टर 5 सेक्टर 1 आदि कई सेक्टरों में फर्शीकरणनुमा पेवर ब्लाक से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। कई पेवर ब्लाक तो टूटकर नालियों में गिर गए हैं। चौतरफा पेवर ब्लाक से भी बारिश में जलजमाव की समस्या बढ़ रही है।

### आवासीय ब्लाकों के पीछे कचरे का पहाड़

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में आवासीय ब्लाकों के पीछे वर्षों से जमा घरेलू कचरे और खरपतवारों का पहाड़ जमा हो गया है। बीएसपी द्वारा इससे जलभराव और अस्वच्छता की समस्या बढ़ने की शिकायतों के बाद भी अब तक सफाई नहीं कराए जाने से हर साल मानसून में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है और पीछे से घरों में पानी भर जाता है। तत्कालीन केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय की पहल पर बीएसपी ने एक अरब की लागत से बेकलेन सफई की योजना बनाई थी लेकिन इस पर अमल नहीं हो सका। रहवासियों ने बताया कि कचरे की सफाई नही होने से ही हर बारिश में घरों में दो तीन फीट पानी भर जाता है।

# मानसून में डेंगू की रोकथाम के लिए बीएसपी का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मानसून के आगमन के साथ ही जलजनित एवं मच्छरजनित रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है। डेंगी आदि बीमारियों की रोकथाम और नागरिकों को जागरूक करने में भिलाई इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसके तहत डेंगू, मलेरिया, टायफाइड एवं दस्त जैसी दूषित जल एवं मच्छरजनित बीमारियों से बचाव हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत व्यापक सर्वेक्षण, निरीक्षण, दवाइयों का वितरण एवं कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न सेक्टरों में कुल 37251 आवासों का निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया।प्रबंधन के मुताबिक अब तक कुल 26682 कूलरों व 2979 टंकियों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 730 टंकियों को खाली कराया गया।



### टायरों व कंटेनरों का सर्वेक्षण

इसके अतिरिक्त 4783 कंटेनरों, 764 टायरों का निरीक्षण कर उन्हें खाली कर उनकी सफाई व कीटनाशकों का छिड़काव आदि किया गया है। 1955 आवासों का निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया। कुल 1416 कूलरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 226 कूलरों को खाली कराया गया। कुल 174 टंकियों का निरीक्षण किया गया, जिसमे से 55 टंकियों को खाली कराया गया इसके अतिरिक्त 208 कंटेनरों, 38 टायरों का निरीक्षण कर उन्हें खाली कर उनकी सफाई व कीटनाशकों का छिड़काव आदि किया गया। 922 घरों में टेमिफस का वितरण तथा 266 घरों में कीटनाशक का स्प्रे किया गया।

## जनसंख्या नियंत्रण बिल के समर्थन में रूद्र सेना ने निकाली यात्रा

**दुर्ग।** जनसंख्या नियंत्रण बिल लागू करने के पक्ष में रुद्र सेना ने सनातन समाज के साथ मिलकर पैदल मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट तक पहुंचकर सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। एसडीम को अवगत कराया गया कि यह बिल जल्दी से जल्दी लागू होना चाहिए। इसके लिए सांसद विजय बघेल का आभार भी व्यक्त किया गया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का पहला ज्ञापन विजय बघेल ने ही आगे बढ़ाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय बघेल, अरुण बेरी, जीप तिवारी, शारदा गुप्ता, सच्चिदानंद दुबे, पिंकी सिंह, नीलू शर्मा, संध्या सिंह, नवीन जैन, संजय शर्मा, अरविंद सिंह, उदय ढाबले, अजय चक्रवर्ती, दयाशंकर पांडे, जेपी शुक्ला, प्रशांत क्षीरसागर, प्रवीण नायर, अय्यपन दास, गुजराती समाज से अध्यक्ष ललित पांडे, दिनेश भाई, सुनील भाई, चेंबर ऑफ कामर्स से अजय भसीन सहित अन्य मौजूद थे।



# टाउनशिप में लाइलाज हो चली बिजली गुल होने की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- सेक्टर 1 व 8 में रोज एक घंटे अघोषित बिजली कटौती

टाउनशिप में आए दिन बिजली की आंखमिचौली की समस्या अब लाइलाज होती जा रही है। बिजली गुल होने से रहवासियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप के अधिकतर सेक्टरों में किसी भी समय बिजली गुल हो रही है। बारिश के मौसम अचानक बिजली चली जाने से लोगों की तकलीफ का अंदाजा लगाया जा सकता है। सेक्टर एक व सेक्टर 8 आदि कुछ सेक्टरों में तो दोपहर बाद 3 से 4 बजे के बीच बिजली गुल होने अघोषित कटौती की तरह हो गया है। रहवासियों ने बताया कि जैसे ही 3 बजता है लोग बिजली गुल होगी अनुमान लगा लेते हैं। इसी तरह सेक्टर 7, सेक्टर 2, 4 सेक्टर 7 और रिसाली तथा रुआबांधा सेक्टर में भी सुबह, दोपहर व शाम व रात आधा घंटा से दस पंद्रह मिनट के लिए समय के लिए एक दो दिन के अंतराल में बिजली की आंखमिचौली से अंधेरे के साथ बिजली के उपकरण बंद हो जाने से महिलाओं व बच्चों को परेशानी हो रही है। कई बच्चे रुटीन की पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं जिन्हें भी असुविधा होती है। रहवासियों ने बताया कि अफसरों के घरों में बिजली गुल नहीं होने या कभी कभार होने से उन्हें वर्कर्स व परिवार के लोगों की परेशानियों का



### तारों में झाड़ियों से बढ़ी समस्या

टाउनशिप में पिछले कुछ समय से बिजली गुल होने की बढ़ी समस्या का एक बड़ा कारण पुराने व कम हार्सपावर के ट्रांसफार्मपर होने, बिजली विभाग में मेन पावर कम होने व कई क्षेत्रों मेंस्ट्रीट लाइट के तारों के निकट सघन पेड़ों की झाड़ियों की कटाई नहीं किया जाना है। गर्मी में अंधड़ आने व अभी बारिश में हवा बारिश से पेड़ों की डालियां तारों पर झूलने या टकराने से स्पार्किंग होते रहती है और बिजली गुल हो जाती है। क्षेत्रवासियों ने

# बीएसपी ठेका मजदूरों को सुरक्षा पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के उपयोगिताएं संगठन द्वारा ठेका श्रमिक सुरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र परिसर स्थित वर्क्स बिल्डिंग 3 सभागार में हुआ। मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक जेपी सिंह ने की। समारोह में10 ठेका कर्मियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर ठेका श्रमिकों को तीन श्रेणियों सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल तथा सुरक्षा दक्ष श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत सुरक्षा सर्वोत्तम से 02 श्रमिक को, सुरक्षा अनमोल से 2 श्रमिक और सुरक्षा दक्ष से 6 श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एमवी बाबू, महाप्रबंधक एस के बेहरा, महाप्रबंधक नदीम खान सहित उपयोगिताएं संगठन के विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अतिथियों ने शून्य दुर्घटना' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने और सुरक्षित कार्य संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक महाप्रबंधक एसपी निगम द्वारा किया गया।

# कंडम आवासों के लिए नगर निगम लिखेगा भिलाई इस्पात संयंत्र को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- मकान मालिकों के दस्तावेज जांचने दिए निर्देश

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 5 अंतर्गत सेक्टर 6 नाला सफाई का निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। सेक्टर 06 स्थित नाला के समीपस्थ बसाहट बीएसपी द्वारा निर्मित निचला क्षेत्र है। निर्मित क्वाटर नाला के समीपस्थ एवं कम उचांई में है, जहां रिटर्निंग वाल की आवश्यकता है। बीएसपी द्वारा निर्मित जर्जर भवनों का अवलोकन कर पत्राचार हेतु जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को निर्देशित किए। ताकि आने वाले समय में अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त ने जोन 01 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर में साफ-सफाई का अवलोकन किए एवं स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजन के लिए सेंटर प्रमुख को निर्देशित किए। वर्किगं वुमेन हास्टल निर्माण हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से डी.आई.सी. शैलेन्द्र सिंह के साथ 2 स्थल राधिका नगर, जुनवानी रोड का अवलोकन किए। अवैध एवं अतिक्रमण निर्माणाधीन 3 मकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं मकान मालिकों का दस्तावेज परीक्षण हेतु भवन अधिकारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, दीपक देवांगन उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### 10वीं-12वीं में कमजोर...

करने वाले विद्यालय में सबसे नीचे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाड़ामोर 19% है। इसके पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाती और सलधा है। जहां का परीक्षाफल महज 25% आया है। हाईस्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाती, झाल, कन्या दाढ़ी, भटगांव पांहदा, सेजेस बेरला, दर्री, बालक बेमेतरा, चक्रवाय, नगधा, संबलपुर, सेजेस दाढ़ी, भरदा कला, घोटवानी, कन्या थान खमरिया, बालक नवागढ़, सेजेस थान खमरिया, ठेंगाभाट, बिलई और हेमाबंद शामिल है।

इसी तरह से 12 हायर सेकेंडरी स्कूल जिनका परीक्षा परिणाम कला संकाय में 50% से कम आया है। उनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरबीजा, बालक नवागढ़, बोरतरा, चेचानमेटा, संबलपुर, खाती, गाड़ामोर शामिल है। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में जिनका परीक्षा परिणाम 50% से कम आया है। उनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक नवागढ़ शामिल है। वाणिज्य संकाय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेरा और कुसमी शामिल है। जबकि गणित विषय में 50% से कम परीक्षाफल वाले विद्यालय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलधा शामिल है।

### बारगांव में कुल्हाड़ी...

बुजुर्ग छबिराम पर अंधाधुंध वार कर दिया, जिससे खून से लथपथ होकर लहूलुहान रूप में बुजुर्ग छबिराम ने मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम में हत्या की जानकारी बेरला पुलिस को दी गई । सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहाँ पूरे घटनाक्रम पर मुआयना किया ओर आरोपी जीवन यादव को घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ थाना लेकर गयी। वही मृतक के शव को बेरला मर्च्युरी भेजकर परिजनों को सौंपा गया। जहाँ मृतक का अंतिम संस्कार किया गया है।

### बिजली दर में वृद्धि के विरोध...

अपने ही प्रदेश में महंगी बिजली बिल पहले से ही दे रहे हैं, दर कम करने के बजाय ओर बढ़ाया गया जोकि प्रदेश की जनता के साथ सरासर गलत है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट बढ़ाया गया है गैर , घरेलू , 25 पैसा प्रति यूनिट वृद्धि की गई है इसी प्रकार कृषि उपभोक्ताओं पर भी बिजली यूनिट दर पर वृद्धि की गई वही ऑफसेट, प्रिंटर्स एवं प्रिंटिंग प्रेस उपभोक्ताओं को,LV,,2 से हटाकर,LV,,5 श्रेणी में सम्मिलित किया गया है गैर घरेलू उपभोक्ता श्रेणी के अंतर्गत लिए गए अस्थाई कनेक्शन पर भी नॉर्मल टैरिफ का, 1.5 गुना टैरिफ के स्थान पर नॉर्मल टैरिफ का,1.25 गुना टैरिफ लागू किया गया है जिसे ध्यान में रखते हुए शिवसेना उद्धव वाला साहब ठाकरे पार्टी खिलाफत करती है और प्रदेश की भाजपा सरकार से अनुरोध है की बिजली दर बढ़ोतरी को कम किया जाए ताकि आम गरीब छत्तीसगढ़ की जनता को राहत मिल सके आगे चौहान ने यह भी कहा की छत्तीसगढ़ प्रदेश में बिजली उत्पादन हेतु कोयला पानी मानव संसाधन प्रचुर मात्रा में कम दाम पर छत्तीसगढ़ शासन को उपलब्ध है उसके बाद भी छत्तीसगढ़ राज्य के नागरिकों हेतु छत्तीसगढ़ कि भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दर में वृद्धि समझ से परे हैं ।

### मारवाड़ी सेवा मंच...

जो भगवान शिव को समर्पित है। भगवान शिव की पूजा करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। सावन माह के दौरान सोमवार का दिन शुभ होता है। और ऐसा माना जाता है, कि यदि भक्त समर्पण के साथ अगर शिव की पूजा करें तो शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। आगे पाराशर महाराज ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए, बताया राम नाम की महिमा अपरंपार है। इसे वेदों का प्राण माना जाता है। राम नाम का जाप करने से मन को शांति मिलती है, पापों का नाश होता है। और मोक्ष की प्राप्ति होती है। राम नाम की महिमा राम से बड़ा राम का नाम है। भगवान राम के जन्म से पूर्व इस नाम का उपयोग ईश्वर के लिए होता था।

### भागवत कथा के लिए कल...

नारायण उपाख्यान, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाल चरित्र, माखन लीला, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष वह अंतिम दिवस गीता प्रवचन तुलसी वर्षा भोजन प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम आयोजित है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे ने भेट वार्ता के दौरान बताया। कलयुग में भागवत श्री हरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का हल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं। और मानव दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रावण लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा के श्रावण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। श्रीमद् भागवत हमें भक्ति ज्ञान वैराग्य और जीवन जीने की कला सिखाती है। यह हमें भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण का मार्ग दिखाती है।

### भरचट्टी शाला में...

से तैयार होते हैं और भविष्य में सफल होने की अधिक संभावना रखते हैं।बाल सभा के आयोजन से बच्चों को कई फायदे होते हैं। यह न केवल उनके विकास में मदद करता है, बल्कि उन्हें सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक रूप से भी सशक्त बनाता है।

शाला में बालसभा का आयोजन किया गया। जिसमें रिंकी राजपूत को शाला नायक बनाया गया एवं विभिन्न पदों के लिए बच्चों का चयन किया गया। इको क्लब के गठन से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ती है, छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाता है। और समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलती है। इको क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। एवं बच्चों को पौधे की संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। हमारी शाला में प्रत्येक वर्ष बाल सभा एवं इको क्लब का गठन करके बच्चों को जिम्मेदारी दी जाती है। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, आशीष पांडे, नीतू परगनिया, तरुण साहू, शिवकुमार मूक्ति एवं कल्पना मरकाम उपस्थित रहे।